वार्तालाप-521 , हैदराबाद (आंध्र प्रदेश), दिनांक 20.02.08
Disc.CD No.521, dated 20.02.08 at Hyderabad (Andhra Pradesh)

समयः 01.30-03.27

जिज्ञासुः बाबा, अभी जो अव्यक्त वाणी चलाई है उसमें खास प्वाइंट्स क्या हैं? उसमें क्या खास प्वाइंट्स है**?**

बाबाः प्वाइंट तो वो ही पुराने-पुराने ही आ रहे हैं। लेकिन रिवाईज़ इसीलिए किए जा रहे हैं कि पुराने प्वाईन्ट भी हैं उनको धारण नहीं किया जा रहा है। कितनी बार आया है कोई नवीनता करके दिखाओ। क्वान्टिटी तो बढ़ रही है। लेकिन अभी क्या करके दिखाओ? क्वालिटी बनाओ। क्वालिटी का मतलब क्या हुआ? कि प्रजा तो बहुत बनाई अब क्या करना है। और किसको प्रत्यक्ष करना है?

जिज्ञासुः राजाओं को।

बाबा: हाँ जो राजा क्वालिटी की आत्मायें हैं, अव्वल नम्बर राजायें, द्वइम नम्बर राजायें और थर्ड क्लास राजायें। उनको प्रत्यक्ष करो। अव्वल नंबर तो आठ ही हैं। द्वइम नम्बर 24 की गिनती में हैं। और बाकी 84? थर्ड क्लास राजाओं की है जो दूसरे धर्मों से कनेक्टेड हैं। तो क्वालिटी निकालो। ये काम बेसिक वाले करेंगे या एडवान्स वाले करेंगे? जिनको पहचान होगी वो ही क्वालिटी निकालेंगे। क्वालिटी को निकालेंगे और क्वालिटी को स्वीकार करेंगे और दूसरों से करायेंगे, मानेंगे और मनवायेंगे।

Time: 01.30-03.27
Student: Baba, what are the special points in the avyakta vani that was narrated now? What are special points in it?
Baba: There are the same old points. But they are being revised because even the old points are not being imbibed. It has been mentioned so many times, 'bring some novelty'. Quantity is increasing indeed but what should you show now? Prepare quality. What is meant by quality? You have prepared a lot of subjects, but what should you do now and whom should you reveal?
Student: The kings.
Baba: Yes, the king-quality souls, the number one kings, the number two kings and the third class kings. Reveal them. Only eight are number one (souls). 24 are in the number two category. And the remaining 84? That is of the third class kings who are connected to other religions. So, bring out quality (souls). Will this task be performed by those who follow the basic knowledge or by those who follow the advance knowledge? Only those who have recognize (the quality souls) will bring the quality (souls) out. They will bring forth the quality (souls) and they will (themselves) accept the quality (souls) and will make the others do it; they (themselves) will accept them and make the others accept them.

समयः 03.30-04.20

जिज्ञासुः बाबा, मुरली में कहा है गुरू लोग वही शास्त्रों की बातें सुनायेंगे। यहाँ बाबा तो नित नया ज्ञान सुना रहे हैं। ऐसा वादा किया है। ऐसा वादा किया था ना।

बाबाः हां।

जिज्ञासुः तो आज भी नित नया ज्ञान क्या सुनाया?

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बाबाः ये नया ज्ञान नहीं है? जो वहाँ अव्यक्त वाणी चलाई गई। वो क्वांटिटी और क्वालिटी का अर्थ क्या समझते हैं? पुराना अर्थ समझते हैं या नया अर्थ समझते हैं?

जिज्ञासुः पुराना अर्थ समझते हैं।

बाबाः वो तो पुरानी बात समझते हैं। आपने क्या समझा नया समझा या पुरानी बातें समझी? क्वान्टिटी और क्वालिटी का क्या अर्थ समझा? नई बात है या पुरानी बात है।

जिज्ञासुः नई बात है।

बाबाः नई बात है।

Time: 03.30-04.20

Student: Baba, it has been said in the Murli that the gurus will narrate the same (old) topics of scriptures. Here Baba is narrating new knowledge everyday. He has promised so. He has been promised so, hasn't he?

Baba: Yes.

Student: So, what was the new knowledge that was narrated today?

Baba: Is this not new knowledge? The Avyakta Vani that was narrated there; what do they interpet '*quantity*' and '*quality*' as? Do they understand it in the sense of its old meaning or the new meaning?

Student: They interpret it in the old way.

Baba: They understand it in the old way. What did you understand? Did you understand it in a new way or in an old way? What did you understand by '*quantity*' and '*quality*'? Is it a new concept or is it the old concept?

Student: It is a new concept.

Baba: It is a new concept.

<u>समयः 04.25-06.51</u>

जिज्ञासुः बाबा, पतित आत्माएं सेवा नहीं कर सकती हैं। उसमें इन्स्पिरेटिंग वाली सोल प्रवेश करके सेवा करती है। तो फिर 76 में जिन्होंने बाप को प्रत्यक्ष किया, उस समय ब्रह्मा बाबा तो राम बाप में था। 76 में जिन्होंने बाप को प्रत्यक्ष किया उस समय राम बाप में ब्रह्मा वाली सोल था, सूक्ष्म शरीर था। बाकी तीन भाई थे। उन तीन भाईयों में कौन कौन ने प्रवेश किया?

बाबाः माना ब्रह्मा की सोल। मम्मा बाबा की सोल 65 में और 68 में शरीर छोड़ने के बाद चुप हो गई।

जिज्ञासुः कोई न कोई में प्रवेश करके सेवा तो करती है।

बाबाः सेवा कर रही है ना। तो वो ही सेवा सन् 76 से प्रत्यक्ष होने लगी। जो और तीन साथी थे, उनमें भी प्रवेश करके उन्हीं का कार्य चलता है। बापदादा ही सेवा करते हैं बच्चे सेवा नहीं करते हैं। वो सिर्फ हिम्मत करते हैं। हिम्मते बच्चे मदद दे बापदादा।

Time: 04.25-06.51

Student: Baba, sinful souls cannot do service. The inspiriting soul enters it and does service. In that case, those who revealed the Father in (19)76; at that time Brahma Baba was in Father Ram. When those who revealed the Father in (19)76…, Brahma's soul was in Father Ram. It had a subtle body. As for the rest, there were three brothers. Who entered those three brothers?

Baba: Does it mean that the soul of Brahma, the souls of Mamma Baba became silent after leaving their body in 65 and 68 respectively?

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Student: They enter someone or the other and do service.
Baba: They are doing service, aren't they? So, that same service was revealed from (19)76. As regards the three companions, it is the same souls which enter them and perform their task. Only Bap Dada do service, the children don't do service. They just show courage. Children display courage and Bapdada helps.

जिज्ञासुः बाबा, भगवान को तो कहते हैं सर्वव्यापी नहीं है। वो तो एकव्यापी है। तो ब्रह्माबाबा तीनों में प्रवेश करके एक साथ कैसे होगा?
बाबा: भगवान के लिए नहीं बोला, बाप के लिए बोला। क्या? भगवान मात-पिता दोनों रूप में आता है। माता भी बनता है....। त्वमेव माता च पिता त्वमेव। लेकिन पिता का रूप भगवान का है और माता का रूप भगवान का रूप नहीं है। और न माता के रूप से सबके साथ संसर्ग, संपर्क, संबंध में आ सकता है, माता का रूप। बाकी पिता का रूप संबंध में भी आ सकता है संपर्क में भी आ सकता है। संसर्ग में भी आ सकता है। भगवान तो सबका है। माता का रूप प्रभावित होने वाला रूप है; और बाप? बाप प्रभावित नहीं होता है।
Student: Baba, it is said about God that He is not omnipresent (*sarvavyapi*). He is present in one (*ekvyaapi*). So, how does Brahma Baba enter all the three simultaneously?
Baba: It has not been said for God. It has been said for the Father. What? God comes in the form of the mother as well as the father. He becomes a mother as well as… *Twamev mata cha pita twamev* (you are my mother as well as my father). But the Father's form is [the form] of God whereas the mother's form is not the form of God. He cannot come in contact, connection and relationship with everyone in the form of a mother. As for the father's form, he can establish a relationship (with everyone), he can establish contact as well as connection. God belongs to everyone. Mother's form is a form which can be influenced and what about the Father? The Father is not influenced.

<u>समयः 07.02-09.55</u>
जिज्ञासुः बाबा, राम फेल हुआ तभी तो त्रेता में आया। ऐसा मुरली में प्वाइंट है ना। उनकी तो हत्या की गई ना तो कैसे कहेंगे वो फेल हुआ? उनका तो हत्या की गई ना।
बाबाः पहले फेल हुआ या बाद में हत्या हुई?
जिज्ञासुः पहले फेल हुआ।
बाबा: बात खतम हो गई।
Time: 07.02-09.55
Student: Baba, Ram failed. Only then did he come in the Silver Age. There is a Murli point like that, isn't there? He was killed, wasn't he? So, how can we say that he failed? He was killed, wasn't he?
Baba: Did he fail first or was he killed later?
Student: First he failed.
Baba: The matter ends there.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

जिज्ञासुः बाबा ऐसे साबित नहीं कर सकते ना कि पहले हत्या हुई या पहले फेल हुआ।
बाबाः अरे! पहले अनिश्चय आवे तब फेल कहा जावे या अनिश्चय आने से पहले ही फेल कहा जावे? कोई भी ईश्वरीय ज्ञान को, ईश्वरीय यज्ञ को कब छोड़ता है? अनिश्चय आता है तो छोड़ता है। और अनिश्चय आता है अज्ञान के कारण। और कारण बता दिया मुरली में- शुरूआत में इतना ज्ञान नहीं था। तो छोड़ के चले गए। एक होती हैं भक्त आत्मायें। और एक होती हैं ज्ञानी आत्मायें। भक्त दिल के आधार पर चलते हैं कि बुद्धि के आधार पर चलते हैं? दिल के आधार पर, भावना के आधार पर चलते हैं। तो उस समय जिनको साक्षात्कार हुए उनकी भावना तो पक्की बैठ गई, डटे रहे। और जो बुद्धिमान बाप के बुद्धिमान बच्चे थे, उनको बुद्धि का भोजन चाहिए और शुरूआत में बुद्धि का भोजन उतना नहीं मिला तो टूट पड़े। अगर पूरा सृष्टि चक्र का क्लेरिफिकेशन जैसा अभी मिल रहा है वैसा उस समय ही मिल गया होता तो वो कदापि अनिश्चय बुद्धि नहीं होते। और अनिश्चय बुद्धि तो सबको बनना ही है- कोई आगे बनते हैं और कोई पीछे बनते हैं। माया किसी को छोड़ती नहीं है। इसीलिए राम वाली आत्मा यज्ञ के आदि में अनिश्चय में आई, बाद में शरीर छोड़ दिया। विरोधाभास कब पैदा होगा? निश्चय बुद्धि रहेंगे तब विरोध होगा या अनिश्चय बुद्धि होंगे तब विरोध करेंगे? जब अनिश्चय पैदा होता है तब ही विरोध किया जाता है। तो पहले फेल हो गए और बाद में शरीर छोड़ दिया; अब कोई भी कारण हो शरीर छोड़ने का।

Student: Baba, we can't prove whether he was first killed or he first failed, can we?
Baba: Arey! Should we consider someone to have failed when he first loses faith or should he be considered to have failed even before he loses faith? When does someone leave the knowledge of God, the yagya of God? He leaves it when he loses faith. And someone loses faith due to ignorance. Moreover, the reason has been mentioned in the Murli: there was not much knowledge in the beginning. So, they left and went away. One kind of souls is devotee souls and another kind of souls is knowledgeable souls. The devotees follow their heart, or do they follow their intellect? They follow their heart, their feelings. So, those who had visions at that time developed firm feelings (of faith). They remained firm. And those who were the intelligent children of the intelligent father; they require food for their intellect and in the beginning they did not get food for the intellect to the required extent. So, they broke away. Had they received the clarification of the entire world cycle that you receive now, they would never have lost faith at all. Nevertheless, everyone has to lose faith without fail. Some lose faith early and some lose faith later. Maya doesn't leave anyone. This is why the soul of Ram lost faith in the beginning of the yagya and later left his body. When will the feeling of opposition arise? Will someone oppose when they have faith or when they lose faith? Someone opposes only when he loses faith. So, he failed first and left his body later on. Well, whatever may be the reason for leaving the body.

<u>समयः 10.15-11.36</u>

जिज्ञासुः बाबा, चांस देकर चांसलर बनो।
बाबाः दूसरों को चांस दो और चांसलर बनो। हां।
जिज्ञासुः ऐसा एक प्वाइंट आया अव्यक्त वाणी में।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बाबाः ठीक है।

जिज्ञासुः इसका क्या अर्थ है?

बाबाः इसका अर्थ ये है खुद इन्चार्ज बन गए, खुद टीचर बन गए तो दूसरों को भी चांस दो कि दूसरे भी टीचर बनें। दूसरे भी इन्चार्ज बनें। दूसरे भी बाप की गद्दी के समान बैठने लायक बनें। तो दूसरों को चांस देंगे या हमेशा खुद ही आगे बनें रहेंगे? एक होते हैं दूसरों को चांस देने वाले। दूसरों को आगे बढ़ाते हैं भले खुद पीछे रहें। एक होते हैं दूसरों को चांस ही नहीं लेने देते। आगे बढ़ते हैं तो टांग अड़ा देते हैं। आगे दौड़ते हैं तो अड़ंगा लगा देते। तो चांस देना अच्छा है। जो दूसरों को चांस देते हैं, उनको भगवान चांस देता है। ड्रामा चांस देता है।

Time: 10.15-11.36

Student: Baba, give *chance* and become a *chancellor*.

Baba: Give chance to others and become a chancellor. Yes.

Student: Such a point has been mentioned in an Avyakta Vani.

Baba: It is correct.

Student: What does it mean?

Baba: It means that when you yourself became an *in-charge*[1]; when you yourself became a teacher, give chance to others as well, so that they too may become teachers, become *incharge*. Others should also become worthy of sitting on the Father's throne. So, will you give chance to others or will you youself remain in the forefront always? One kind of souls is those who give chance to others. They may themselves remain in the back but they enable others to move ahead. One kind is those who do not allow others to take chance at all. If someone moves ahead, they create an obstacle. If someone gallops ahead, they create an impediment. So, it is good to give chance (to others). Those who give chance to others, God gives them a chance, drama gives them a chance.

समयः 11.39-12.50

जिज्ञासुः बाबा ज्ञान में ऐसा कौनसा खास प्वाइंट जानना चाहिए?

बाबाः कौनसा प्वाइंट जानना चाहिए। कैसा? ऐसा माना कैसा?

जिज्ञासुः मतलब खास प्वाइंट क्या जानना चाहिए?

बाबाः खास प्वाइंट तो बाप की पहचान है। किसी को कोर्स देते हैं, चाहे बेसिक कोर्स देते हैं या एडवान्स कोर्स देते हैं। तो खास किस बात पर ध्यान दिया जाता है। बाप की पहचान। अगर बाप की पहचान बुद्धि में नहीं बैठी है। बेसिकली नहीं बैठी है बेसिक वालों को और एडवान्स ज्ञान जो लेने आये हैं उनको एडवान्स बाप का परिचय नहीं मिला है, तो उनको रवाना कर देना चाहिए। क्यों? क्योंकि बाप को ही नहीं जाना, बाप को पहचाना नहीं, ये मुख्य प्वाइंट पर ही पीछे हट गए तो आगे उनको कुछ भी समझाने से फायदा नहीं है। तो ये मुख्य प्वाइंट है बाप की पहचान देना।

Time: 11.39-12.50

Student: Baba, what is the special point that we should know in knowledge?

Baba: Which point should we know? What kind? Such point meaning which point?

Student: I mean to say which particular point should we know?

[1] the sister who takes care of a centre.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Baba: The special point is the introduction of the Father. When you give the course to someone; whether you give the basic course or an advance course, which point do you lay stress on? The introduction of the Father. If the recognition of the Father has not sat in the intellect, if it has not sat basically in case of those who follow basic knowledge, and if those who came to obtain the advance knowledge have not recognized the Father in the advanced sense , then they should be sent away. Why? If they did not come to know the Father, if they did not recognize the Father, if they withdrew themselves back on this very point then there is no use in explaining anything further to them. So, the main point is to give the Father's introduction.

समयः 12.55-16.44

जिज्ञासुः भक्तिमार्ग में रावण की पत्नी मंदोदरी, वो रावण उल्टा सीधा काम करते हुए भी श्रीमत का विरूद्ध चलते हुए भी, उसको पता रह करके कुछ भी नहीं किये। खामोश बैठ गई। अभी तो बाबा बोलते हैं राम ही रावण बनता है। फिर बेहद में मंदोदरी कौन बनती है?

बाबाः मंद उदर। उदर माना पेट। कौनसा पेट हद का की बेहद का? बेहद का। माना रावण के मुकाबले मंदोदरी का बुद्धिरूपी पेट मंद था या तेज था? मंद बुद्धि थी। तो कोई मंदबुद्धि भी, जैसे मातायें अक्सर करके बाप को पहचान लेती हैं और पुरूष लोग उतना नहीं पहचान पाते हैं। लेकिन बुद्धि में तीखे होने के कारण पुरूष लोग जो हैं वो माताओं को क्या करते हैं? दबाए लेते हैं। ऐसे ही कुछ यहाँ बात है। क्या? माना कन्यायें मातायें भल पहचान लेती हैं। उनका दिल गवाही देता है कि भगवान आ गया है। लेकिन याद की यात्रा में उतनी तीखी नहीं हो पाती। इसीलिए पावर नहीं आती। पावर नहीं आती है तो मुकबला नहीं कर पाती। फिर भी उनको सहयोग देने के लिए बांधी हुई है। नहीं तो सहयोग रावण को देना बंद कर देना चाहिए।

Time: 12.55-16.44

Student: In the path of bhakti Ravan's wife Mandodari did nothing although Ravan was performing opposite actions and acting against *shrimat*, despite being aware of everything [she did nothing to stop him]. She sat silently. Now Baba says, Ram himself becomes Ravan. Then who becomes Mandodari in an unlimited sense?

Baba: *Mand udar. Udar* means stomach. Which stomach? Is it in a limited sense or in an unlimited sense? It is in an unlimited sense. It means that when compared to Ravan, was Mandodari's stomach-like intellect weak or strong? It was weak. So, someone with a weak intellect too…, for example, generally, mothers recognize the Father and men are unable to recognize [the Father] to that extent. But being sharper in intellect what do men do to the mothers? They suppress them. It is a similar case here. What? It means that although virgins and mothers recognize [God] and their heart says that God has come, they are unable to achieve swiftness in the journey of remembrance. This is why they do not get power. When they do not get power, they are unable to face [the men]. [Therefore,] in spite of [recognizing God] they are bound to help them. If that wasn't the case, they should stop helping Ravan.

जैसे विभीषण ने क्या किया? मंदोदरी के मुकाबले विभीषण को मंद बुद्धि कहें या तीक्ष्ण बुद्धि कहें? क्या कहें? तीक्ष्ण बुद्धि था। परंतु वो पुरूष था और मंदोदरी स्त्री जाति की थी। कलियुग के अंत में जब ये रामायण की कथा चलती है, राम रावण युद्ध का टाईम चलता है, उस समय कन्याएं मातायें कमजोर हो जाती हैं समाज में या पावरफुल बन जाती हैं? कमजोर बन जाती

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

हैं। इंफियरीटी कमप्लेक्स आ जाता है। इसीलिए रावण को समझाते हुए भी रावण का मुकाबला नहीं कर सकी। कुमारका दादी को ही लो। जब तक जीवित रही तब तक क्या किया? अंदर से तो समझ लिया कि वो सच्चाई है। जो शास्त्रों में भी लिखा हुआ है, रावण जानता था कि राम कौन है, भगवान कौन है; लेकिन फिर भी मुकाबला करता रहा। ये लोक लाज जो है वो छोड़ती नहीं है। जैसे गुरूओं के लिए कहा कि आज के गुरू लोग अगर सर्वव्यापी वाली बात को मान लें तो उनके फालोवर्स उनकी धुत्तेड़ीकी कर देंगे। वो गुरू लोग अपना मान मर्तबा नहीं छोड़ना चाहते हैं। तो ये भी एक आधीनता वाली बात है।

For example, what did Vibheeshan do? When compared to Mandodari should Vibheeshan be said to have a weaker intellect or a sharper intellect? What should we say? He had a sharp intellect. But he was a male and Mandodari belonged to the female community. In the end of the Iron Age, when this story of Ramayana is enacted, when it is the time for the war between Ram and Ravan, do virgins and mothers become weak or powerful in the society? They become weak. They develop inferiority complex. This is why despite explaining to Ravan, she cannot confront him. Take for example Kumarka Dadi, as long as she was alive what did she do? She understood from within what truth is. It has been written in the scriptures that Ravan knew who Ram is, who God is, yet he continued to confront Him. This public honour does not leave him. For example, it has been said for the gurus that if today's gurus accept that God is not omnipresent, then their followers will reject them. Those gurus do not wish to leave their respect and position. So, this is also a topic of subordination.

<u>समयः 16.53-18.40</u>

जिज्ञासुः बाबा, मुरली से भी पियु की वाणी पावरफुल थी। तो फिर उसमें क्या खास जानकारी थी, एक-दो प्वाइंट तो बताइये।

बाबाः यज्ञ की आदि में पियु की वाणी में जो ज्ञान था वो गीता का ज्ञान सुनाया जा रहा था। वो भक्तिमार्ग की गीता को अर्थ सहित करके सुनाते थे। और ये जानने की बात है, मानने की बात है कि जिस गीता की और-2 धर्म सम्प्रदायों के अनुसार 100 से भी ऊपर टीकायें हो सकती हैं जब की वो सब धर्म सम्प्रदाय झूठे हैं। तो ईश्वरीय ज्ञान जो सच्चा है। उस सच्चे ज्ञान के अनुसार गीता का इन्टरप्रटेशन नहीं हो सकता क्या? हो सकता है। यज्ञ के आदि में जो ज्ञान सुनाया जा रहा था, सम्पूर्ण स्टेज में नहीं था; लेकिन जितना जो कुछ भी था वो सात्विक स्टेज में था। इसीलिए बोला ब्रह्मा बाबा के द्वारा जो आखरी वाणियाँ चलाई गईं, उनमें ये बाप स्पष्ट कर दी कि गीता को अभी ज्ञानामृत नहीं कहेंगे। क्यों? क्योंकि मंथन ही नहीं हुआ।

Time: 16.53-18.40

Student: Baba, Piu's vani was more powerful than murli. So, what special information did it contain? Please tell us one or two points.

Baba: In the beginning of the yagya, the knowledge narrated in Piu's Vani was the knowledge of the Gita. He used to explain the meaning of the Gita of the path of bhakti. And it is worth knowing, worth accepting that the Gita about which there can be more than 100 commentaries according to different religions and communities although all those religions and communities are false; then can't there be interpretation of the Gita according to true knowledge of God? There can be. The knowledge that was being narrated in the beginning of the yagya was not in a complete *stage*. But whatever knowledge existed was in a pure (satvik) stage. This is why it was

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

said clearly in the last vanis that were narrated through Brahma Baba that the Gita will not be called the nectar of knowledge now. Why? It is because the churning has not taken place at all.

समयः 18.49-20.10

जिज्ञासुः बाबा, शिव के मंदिर में कब्रिस्तान क्यों दिखाते? कब्रिस्तान रहता है ना शिव के मंदिर में।

बाबाः क्या दिखाते?

जिज्ञासुः शिव के मंदिर में।

बाबाः शिव के मंदिर के अंदर कब्रिस्तान दिखाते हैं? ये कहो शिव का मंदिर मोस्टली कब्रिस्तान में बनाया जाता है। शमशान में बनाया जाता है। उल्टा क्यों बोल रहे हो? शमशान जहाँ-2 होते हैं मोस्टली शहर से बाहर होते हैं और जहाँ शहर से बाहरी हिस्सा होता है वहाँ शिव के मंदिर होते हैं। क्या? इसका मतलब क्या हुआ? इसका मतलब ये हुआ कि शिव को मुर्दा घाट पसंद है। किसके बीच में रहना है? बाप के साथ कौन रह सकेंगे अथवा उल्टे अर्थों में कहें बाप किनके साथ रह सकेगा? जो पूरे मुर्दे बने हुए होंगे उनके साथ बाप रहता है सम्पन्न स्टेज में। अगर बाप के साथ रहना है, बाप का साथी बनना है तो क्या बनना है? मुर्दा बनना है। और मुर्दों का स्थान कहाँ होता है? शमशान घाट में। तो शमशान घाट में वो शिव के सम्पूर्ण स्टेज के मंदिर बनाये जाते हैं।

Time: 18.49-20.10

Student: Baba, why is a graveyard shown in the temple of Shiv? There are graveyards in Shiv's temples.

Baba: What is shown?

Student: In the temple of Shiv.

Baba: Is a graveyard shown within the temple of Shiv? Say it this way, Shiv's temple is mostly built in a graveyard. It is built in cremation grounds. Why are you saying the opposite? Wherever cremation grounds exist, they exist mostly outside the cities and Shiv's temples exist in the areas outside the cities. What? What does it mean? It means that Shiv likes cremation grounds. We have to live in whose midst? Who will be able to live with the Father or if we speak it the other way with whom will the Father be able to live? The Father in a complete stage lives with those who would have become a corpse completely. If you wish to live with the Father, if you want to become the Father's companion, what should you become? You should become a corpse. And which place is meant for corpses? Graveyard. So, the temples of the complete stage of Shiv are built in a graveyard.

समयः 20.20-21.35

जिज्ञासुः बाबा, हरेक धर्मपिता ने आकरके ज्ञान सुनाया खाली (सिर्फ)। उसके आधार से धर्मशास्त्र बन गया। ऐसे ही यहाँ भगवद्गीता का आधार तीस साल का ज्ञान सुनाने से बन गया या तीस साल ज्ञान समझने के आधार से बन गया?

बाबाः ज्ञान न सुनाने, न सुनने के आधार से सच्चे धर्म की स्थापना होती है। न समझने और समझाने के आधार पर सच्चे धर्म की स्थापना होती है। जो भी ज्ञान है सुनने-सुनाने, समझने

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

और समझाने के साथ-2 धारण करना और दूसरों को धारण कराना। तब सच्चे ज्ञान की और सच्चे युग की स्थापना होती है। और ये ईश्वरीय ज्ञान तो प्रैक्टिकल है। सिर्फ सुनने-सुनाने और समझने-समझाने की चीज़ नहीं है। न इससे कोई बाप को प्रत्यक्ष कर सकता है। बाप कब प्रत्यक्ष होगा? जब उस ज्ञान के स्वयं धारणास्वरूप बन करके दिखायेंगे तो दूसरों के ऊपर असर भी पड़ेगा।

Time: 20.20-21.35
Student: Baba, every religious father came and just narrated knowledge. Religious scriptures were prepared on the basis of that. Similarly, here, was *Bhagawadgita* prepared on the basis of narration of knowledge for thirty years or on the basis of understanding the knowledge for thirty years?
Baba: The true religion is established neither on the basis of narrating nor on the basis of listening knowledge. The true religion is established neither on the basis of understanding nor on the basis of explaining. Any knowledge should be inculcated and caused to be inculcated by others along with listening, narrating, understanding and explaining. Only then is the true knowledge and true age established. And this knowledge of God is *practical*. It is not something to be just heard and narrated or to be understood and explained. Nor can anyone reveal the Father through this. When will the Father be revealed? When you put that knowledge into practice yourself, then it will have an effect on others.

समयः 22.07-24.00

जिज्ञासुः बाबा, एक भाई का प्रश्न है – उनके घर में वो अकेला ज्ञान में चलता है। उनका युगल ज्ञान में नहीं चलती है। तो फिर वो लोग जो भी विकर्म करते हैं, इनके ऊपर बोझा पड़ता है क्या?

बाबाः कौन विकर्म करते हैं?

जिज्ञासुः उनका युगल ज्ञान में नहीं चलती।

बाबाः नहीं चलती।

जिज्ञासुः वो अकेला ज्ञान में चलता है।

बाबाः ठीक है।

Time: 22.07-24.00
Student: Baba, a brother wants to ask a question: he is the only person following the knowledge in his family. His wife does not follow the path of knowledge. So, if they perform any sin, does it accumulate any burden on him?
Baba: Who performs a sin?
Student: His wife is not following the path of knowledge.
Baba: She does not follow.
Student: He follows the knowledge alone.
Baba: OK.

जिज्ञासुः वो लोग अगर कोई विकर्म करते हैं। तो फिर उनके ऊपर...।

बाबाः अरे! अज्ञानी अज्ञान के कर्म करेगा उसका एक गुना पाप चढ़ेगा और ज्ञानी? ज्ञानी ज्ञान होते हुए भी पाप भी कर सकता है और पुण्य भी कर सकता है। ज्ञानयुक्त कर्म करता है तो

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

100 गुना उसको फल मिलेगा। अच्छा। और अगर ज्ञान होते हुए भी अज्ञान युक्त कर्म करता है, माना पाप कर्म करता है तो 100 गुना पाप चढ़ेगा। इसमें दूसरे के किए हुए कर्म का ज्ञानी के ऊपर असर क्यों पड़ना चाहिए। हाँ, तब असर पड़ेगा कि खुद भगवान बाप को पहचान लेवे और घरवालों को संदेश न देवे कम से कम समझाय नहीं सकता तो संदेश तो दे सकता है। उसके पूर्व जन्मों का सुकृत होगा जिसको संदेश दिया जाए तो ज्ञान को उठा लेगा। जो बाबा कहते हैं अगर हमारे कुल का होगा तो थोड़ा भी सुनावेंगे तो झट निकल आवेगा। बाकी अगर संदेश ही नहीं दिया तो पत्नी का क्या दोष?

Student: If they commit any sin, then does he accumulate (any burden)…..

Baba: Arey! If an ignorant person performs actions out of ignorance, he will accumulate one time sin and what about the knowledgeable person? A knowledgeable person can perform sins as well as noble actions despite having knowledge. If he performs actions according to knowledge, he will get 100 times good fruits. And if he performs actions out of ignorance despite having knowledge, i.e. if he performs sins, he will accumulate 100 times sins. Why should a knowledgeable person be influenced by the actions performed by others? Yes, it will have an effect if he recognizes God, the Father and does not give message to them. If he cannot explain to the members of the family, he can at least give the message to them. If the one who is given the message has performed good actions in the past births, he will grasp it. Baba says, 'If someone belongs to our clan, he will come [into knowledge] even if you give him a little knowledge. But if he does not give message at all, then the wife is not guilty.

<u>समयः 25.00-27.20</u>

जिज्ञासुः शूटिंग टाइम पर सारे विश्व कि माता का पार्ट जगदम्बा बजाती है, भारत माता का पार्ट बजानेवाली भी अलग माता है, सिर्फ सूर्यवंशियों की माता का पार्ट बजानेवाली भी एक माता है माने माताओं के कैरक्टर (पार्ट) तीन दिखाया। लेकिन बाप का कैरेक्टर एक ही बजाया। जगतपिता, भारत पिता और सूर्यवंशी पिता। ऐसा कैसे बाबा?

बाबाः आए भारत में भगवान। आए विश्व में भगवान ऐसे कहा जाता है क्या? विदेश में भगवान, ये तो नहीं कहा जाता। हाँ, एक पिता के मातायें हो सकती हैं कई। लेकिन सारी दुनियाँ का बीज तो एक ही होगा। जैसे मुरली में बोला है, कहते हैं भारत में एक स्त्री गई, तो एक जूती गई दूसरी ले लेते हैं, तीसरी ले लेते हैं, चौथी ले लेते हैं। जैसी धरणी वैसी पैदाइश होती है। धरणी अगर अखण्ड है तो पैदाईश भी अखण्ड होगी। धरणी अगर खण्डित है, व्यभिचारिणी है। तो पैदाइश भी व्यभिचारिणी होगी। और दुनियाँ में व्यभिचारियों की संख्या ज्यादा है या अव्यभिचारियों की संख्या ज्यादा है? व्यभिचारियों के सब धर्म है। यहाँ तक की जो देवता धर्म है सूर्यवंशी और चंद्रवंशी, वो भी क्या बन जाते हैं? वो भी संग के रंग में आकर व्यभिचारी बन जाते हैं। तो नाम रख दिया है शास्त्रों में। दोनों प्रकार की माताओं का- एक का दिति और एक का अदिति। दिति से द्वैतवादी पैदा हुए। और अदिति से? अद्वैत देवताएं पैदा हुए। एक बाप दूसरा न कोई।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Time: 25.00-27.20
Student: During the shooting, the part of the mother of the whole world is played by Jagadamba, the one who plays the part of the mother India is a separate mother and the one who plays the part of the mother of only the Suryavanshis is separate; meaning three characters (parts) of mothers have been shown. But only one person is playing the character of the Father the World Father, the Father of India and Father of the Suryavanshis. How is it Baba?
Baba: God comes in India. Is it said that God came in the world? It is not said that God came in the foreign countries. Yes, one father may have many mothers (i.e. wives). But the seed of the entire world will be one only. For example, it has been said in the Murli that people in India: if one wife dies, it is like losing one shoe, they take a second shoe, a third shoe, a fourth shoe. As is the land, so is the produce. If the land is undivided, the progeny will also be undivided. If the land is divided, if the land is adulterous, then the progeny will also be adulterous. And is the number of adulterous people more in the world or is the number of unadulterated people more? All the religions are adulterous. What do even the deity religions, i.e. *Suryavanshis* and *Chandravanshis* also become? They too are coloured by the company and become adulterous. So, the names of both kinds of mothers have been coined in the scriptures. One is Diti and the other is Aditi. Diti gave birth to dualists. And Aditi gave birth to whom? She gave birth to non-dualistic deities. One Father and none else.

समयः 27.23-38.45
जिज्ञासुः बाबा संगठन में बैठ के मुरली सुनते वक्त कोई और मुरली प्वाइंट के ऊपर विचार सागर मंथन चलता है तो मुरली का डिसरिगार्ड होगा क्या?
बाबाः मुरली चल रही है, बाप की वाणी चल रही है तो ध्यान से सुन लो। बाद में भले प्रश्न उत्तर करो। उसमें लेने देन करो, जिसको इन्ट्रेस्ट होगा वो सुनेगा। इन्ट्रेस्ट नहीं होगा तो चला जाएगा।
जिज्ञासु: नहीं संगठन में बैठके सुनते हैं।
बाबा: सुनना है संगठन में, किसकी वाणी सुनना है?
जिज्ञासु: बाप की वाणी सुनना है।
बाबा: तो उसमें इन्टरफियर थोड़े ही करना चाहिए।
जिज्ञासु: नहीं करने की बात नहीं। जब भी संगठन में बैठके सुन रहे हैं टी.वी के द्वारा उसी वक्त अपने मन में कोई मुरली प्वाइंट पर विचार...।
बाबा: नोट कर लो।
Time: 27.23-38.45
